एक नजर में

इकबाल हुसैन वक्फ़ कमेटी अध्यक्ष बने

ब्यावरा 08 जुलाई, का. इकबाल हुसैन को वक्फ़ ईदगाह कब्रिस्तान कमेटी, ब्यावरा के अध्यक्ष (सदर) पद पर एक बार फिर से नियुक्त किया गया है . उनकी नियुक्ति पर मिलने जुलने वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है . ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके सफल नेतृत्व में समिति समाजहित, जनकल्याण एवं कौमी एकता के कार्यों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाए तथा आपका कार्यकाल पूर्णत: सफल, गौरवपूर्ण एवं जनसेवा के लिए समर्पित रहे . उल्लेखनीय है कि इकबाल हुसैन लंबे समय से सामाजिक कार्यों और सेवा क्षेत्र में सक्रिय है .

सेफ क्लिक अभियान के तहत मैराथन दौड़

सारंगपुर 08 जुलाई, सं. साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता मैराथन का सफल आयोजन किया गया . इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल जी उपस्थित रहे .इसके अतिरिक्त पत्रकार बंधु, समाजसेवी तथा थाना स्टाफ की उपस्थिति रही . मैराथन में लगभग 100 से 120 प्रतिभागियों ने सहभागिता की . कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं, को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना था . मैराथन के समापन पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया .कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन सभी उपस्थित जनों के सहयोग एवं सहभागिता से संपन्न हुआ .

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन 31 तक

राजगढ़ 08 जुलाई, का. किसानों की खरीफ फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के बीमा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है . किसान निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं . उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बाढ़, सूखा, कीट एवं रोगों से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है . योजना के अंतर्गत किसान ऑनलाइन पीएमएफबीवाई पोर्टल के फार्मर कॉर्नर के माध्यम से अथवा ऑफलाइन निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं बैंक शाखा में आवेदन कर सकते हैं .योजना में आवेदन के लिए आधार कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक तथा आवश्यक होने पर बुवाई प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी . आवेदन प्रक्रिया के तहत किसानों को पीएमएफबीवाई पोर्टल पर पंजीयन कर आवश्यक जानकारी दर्ज करनी होगी . दस्तावेज अपलोड करने होंगे तथा निर्धारित प्रीमियम राशि जमा करनी होगी . योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए किसानों को अधिकतम 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिए 1 .5 प्रतिशत तथा व्यावसायिक एवं उद्यानिकी फसलों के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होगा .

टपके के डर से भयभीत हैं न्याय के लिए लड़ने वाले

न्यायालय परिसर में अभिभाषकों को बारिश में बैठने के लिए नहीं मिल रही जगह

बारिश शुरू होते ही परेशानी के दौर से गुजर रहे न्याय की लड़ाई लड़ने वाले वकील ब्यावरा न्यायालय में 140 वकीलों को सनद प्राप्त लेकिन बैठने की जगह 50 की भी नहीं

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई,का. अन्याय से दु:खी, पीड़ित लोगो को न्याय दिलाने के लिये लड़ाई लड़ने वाले वकील इस समय बेहद परेशानी में गुजर रहे है. ब्यावरा के अभिभाषकों की व्यथा बारिश आते ही वचित्र हो जाती है. सैकड़ों फरियादी उनकी पीड़ा देखकर अपनी व्यथा बताते हुए मौन हो जाते है. इस समय सभी अभिभाषक टपके के डर से भयभीत है.

दरअसल ब्यावरा न्यायालय जिस परिसर में लग रहा है वह अति प्राचीन है. इस परिसर का बड़ा भू भाग कांजी हाऊस के रूप में उपयोग किया जाता था. यहां आवारा जानवर को बंद कर दिया जाता था. बाद में जुर्माना लेकर जानवर छोड़े जाते थे. कोई पशुपालक नहीं छुड़ाता था तो उसकी नीलामी की जाती थी.

ब्यावरा . अभिभाषक बंधु अपने बैठने के स्थान को बारिश से सुरक्षित रखने के लिये चद्दर पर बरसाती लगाते हुए .

नए भवन में पर्याप्त सुविधा लेकिन कार्य की गति धीमी

नये न्यायालय भवन में वकील, पक्षकार आदि के लिये पर्याप्त सुविधा प्रस्तावित है लेकिन भवन निर्माण के कार्य की गति बहुत धीमी होने से इसका लाभ कब मिल पायेगा यह कहा नहीं जा सकता है . बायपास रोड़ पर बन रहे न्यायालय भवन का कार्य जिस गति से चल रहा है उसको देखते हुए लगता नहीं है कि यहां 2026 में न्यायालय शिफ्ट हो पाए . यहां तक कि अगर यही गति रही तो अभी एक बारिश और वकीलों को इसी पुराने परिसर में काटने को मजबूर होना पड़ेगा .

इसके ऊपरी भाग में तहसील कार्यालय लगता था और नीचे न्यायालय लगता था. पुराना तहसील कार्यालय वर्तमान में पंजीयक कार्यालय हो गया है. इस पंजीयक कार्यालय के नीचे जो चद्दर का शैड है उसमें वर्षो पूर्व भी वकील और पक्षकार बैठते थे और आज भी ऐसा ही होता है. दुर्भाग्य से आज यह जगह संकरी, छोटी, सुविधाविहीन और बरसात के मौसम में इतनी कष्टदायक हो गई है कि यहां पक्षकारों को तो छोड़ वकीलों के लिये बैठने की जगह नहीं है. बारिश में वकीलों के समक्ष बारिश में टपके का इतना बड़ा भय व्याप्त हो गया है कि उनको अपने दस्तावेज संभालनकर रखना मुश्किल हो गया है.

चद्दर पर खुद बरसाती डालकर करते हैं मुकाबला

नगर के वकील प्रतिवर्ष चद्दर पर खुद बरसाती डालकर बारिश का मुकाबला करते है. इसके बावजूद बारिश से राहत नहीं मिलती है. बारिश की बूंद हर जगह से टपकती नजर आती है. टपके का भय उन्हें काम नहीं करने देता है. बुधवार को भी वकीलों ने बरसाती की व्यवस्था कर चद्दर पर डाला लेकिन वह कितने दिन साथ देगी यह पता नहीं है.

सनद 140 के पास बैठने की जगह 20 की भी नहीं

ब्यावरा न्यायालय में करीब 140 से अधिक बार काउंसिल द्वारा इन 140 से अधिक वकीलों को ब्यावरा में वकालात करने का प्रमाणपत्र दे रखा है . इनमें से करीब 80-90 वकील नियमित प्रेक्टिस पर आते है . दुर्भाग्य यह है कि ब्यावरा के वर्तमान न्यायालय परिसर में इनके लिये बैठने की जगह बमुश्किल 25-30 की है . शेष वकील खड़े-खड़े पक्षकार की बात सुनते है अथवा कहीं कौने में लेजाकर दोनो एक दूसरे को अपनी व्यथा सुनाते नजर आते है . दुर्भाग्य यह है कि पिछले 50 सालों से भी अधिक समय से वकील इस पुराने न्यायालय के चद्दर के शैड में बैठते आ रहे है . इन्हें थोड़ा बहुत स्थान नये न्यायालय परिसर में मिला लेकिन वह भी नाकाफी है . इससे बड़े दु:ख की बात यह है कि वे जिस जगह बैठते है उन्हें वहां बिना फैसला सुनाए मिली किसी सजायाफ्ता के समान बैठना पड़ता है . बारिश में उन्हें सिकुड़कर गिरते पानी में टपके के डर के बीच अपराधी की तरह अपना समय गुजारना पड़ता है . उन्हें ऐसा लगता है जैसे वे खुद के साथ न्याय नहीं कर पा रहे है . ऐसे में पक्षकार तो और निराश नजर आता है .

चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से परेशान महिला ने खाया जहर

राजगढ़ कोतवाली का मामला, अस्पताल में भर्ती कराया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 जुलाई, का. शहर के पीटी कंपनी मोहल्ला निवासी एक महिला ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने से परेशान होकर कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया. महिला का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है.

पीड़िता सुमन (परिवर्तित नाम) के अनुसार, 25 जून को उसके घर से करीब 8 लाख रुपये नकद एवं कुछ जेवर चोरी हो गए थे. घटना के बाद से वह लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रही थी, लेकिन उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई. महिला ने बताया कि उसकी शादी भोपाल में हुई थी, जहां पति का निधन हो चुका है. इसके बाद वह अपनी बेटी के साथ राजगढ़ में रहकर खाना बनाने का काम कर जीवनयापन कर रही है.

महिला का आरोप है कि बार-बार आवेदन और पुलिस से गुहार लगाने के बावजूद उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. मंगलवार को वह अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची, जहां से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोतवाली पुलिस से भी चर्चा की गई.

इसके बाद महिला दोबारा कोतवाली पहुंची, लेकिन वहां भी घंटों तक कार्रवाई नहीं हुई. जिसके बाद मंगलवार शाम को मानसिक रूप से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है.

टीआई ने कहा, महिला के आरोप झूठे

महिला झूठे आरोप लगा रही है. शिकायत पर हम जांच करने महिला के घर पहुँचे थे. शिकायत में बताए गए देवर आदि घर में ही मिल गए थे, बाकी जांच के साक्ष्य भी हमारे पास है.

श्रीमती मंजू मखेनिया, कोतवाली टी.आई.

भरी बरसात में जान हथेली पर लेकर मेंटेनेंस

बिना ग्लब्स, फायबर जूतों के खुले तारों के बीच मेंटेनेंस करने को मजबूर हैं बिजली कंपनी के कर्मचारी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई, का. बरसात के मौसम में बिजली विभाग के कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा के मेंटिनेंस का कार्य करते है जो खतरे से खाली नहीं होता है. कई बार मेंटनेंस का कार्य करते समय बिजली का करंट तक लग जाता है. लेकिंन उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अपनी जान को हथेली पर रखकर काम करते है. रिमझिम बारिश या नमी के बीच जब कर्मचारी खंभों या ट्रांसफार्मर पर चढ़ते हैं, तो अर्थिंग और करंट लगने का खतरा सबसे ज्यादा होता है. कई बार जमीनी स्तर पर संसाधनों की कमी के कारण उनके पास मानक सुरक्षा उपकरण (जैसे इंसुलेटेड ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, रेनकोट या नॉन-कंडक्टिव जूते) नहीं होते, या जल्दबाजी में उनका उपयोग नहीं हो पाता. एक तरफ उफनते नाले, पेड़ गिरना और खराब मौसम की मार होती है. तो दूसरी तरफ उपभोक्ताओं और प्रशासन का दबाव रहता है कि बिजली जल्द से जल्द बहाल की जाए.

विभाग को यह सख्त नियम बनाना चाहिए कि बिना सेफ्टी किट (सुरक्षा उपकरणों) के कोई भी कर्मचारी खंभे पर नहीं चढ़ेगा. चाहे बिजली चालू होने में थोड़ा वक्त ही क्यों न लग जाए. फॉल्ट ढूंढने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग हो, ताकि कर्मचारियों को सीधे खतरे में न पड़ना पड़े. स्थानीय स्तर पर इस तरह के मुद्दों को उठाना और अधिकारियों का ध्यान इस ओर खींचना बेहद जरूरी है. ताकि उपभोक्ताओं को सुविधा भी मिले और उन कर्मचारियों की जान भी सुरक्षित रहे जो अंधेरे को दूर करने के लिए अपनी जान दांव पर लगाते हैं.

बारिश ने गियर बदला, ओवरटेक की तैयारी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 08 जुलाई, सं. पूरे जिले में बुधवार दोपहर बाद तेज बारिश एक साथ शुरू हुई जो कि देर शाम जारी है. उमस से लोगों को राहत मिली है. शहर की जीवनदानी कालीसिंध नदी का जल स्तर लगातार बड़ रहा हैं. हालांकि नदी अभी पुराने नेशनल हाइवे की सड़क के पुल से नीचे बह रही है. देवास बागली में हो रही बारिश के चलते कालीसिंध नदी का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ रहा है. बुधवार को नदी के बीच स्थित श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर जाने का रास्ता कालीसिंध नदी के जलस्तर बढ़ने से रास्ता बंद हो गया.

जिले में अब तक 265 मिमी बारिश दर्ज

जिले में बीते 1 जून से लेकर 8 जुलाई की सुबह तक करीब 265 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 362 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी थी. जिले में इस वर्ष अब तक सर्वाधिक वर्षा पचोर में 384 मिमी दर्ज की गई है. वहीं सबसे कम नरसिंहगढ़ में 109 मिमी दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश खिलचीपुर में 114 मिमी दर्ज की गई है.

पेंशनर संघ 22 जुलाई को करेगा विशाल आंदोलन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई, का. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा के सभी पदाधिकारी एवं पेंशनर्स साथियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में यह निर्णय लिया गया की आगामी 22 जुलाई को अंबेडकर मैदान 1250 टीटी नगर, सेवा सदन के सामने एक विशाल आंदोलन प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के आव्हान पर किया जाना है. इस आंदोलन में ब्यावरा शाखा के सभी पदाधिकारी ने संपूर्ण पेंशनर साथियों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में भाग लेवें.

कर्मचारी कॉलोनी से बासित अली, विश्वनाथ कॉलोनी से कैलाश नारायण शर्मा, विनायक नगर से कैलाश नारायण सुतार, श्रीराम कॉलोनी एवं वृंदावन कॉलोनी से शंकर दयाल शर्मा, मुल्तानपुरा से भारत सिंह कारपेंटर एवं गोपाल साहू, सुठालिया रोड से एनएस चंदना जूना ब्यावरा से राधेलाल टेलर, सुदामा नगर से कृष्ण दास अग्रवाल, कृष्णपुरा से कालूराम शाक्यवार, कृष्णपुरम से श्रीमती आशा कुशवाह, को वाहन प्रभारी बनाया गया है. जो भी पेंशनर साथी आंदोलन में भाग लेने के लिए अपने-अपने एरिया के प्रभारी से संपर्क करें एवं अग्रिम राशि ?300 प्रभारी को जमा करने का कष्ट करें. बैठक में शाखा अध्यक्ष द्वारा धारा 49/6 को समाप्त करने, 2प्रतिशत महंगाई राहत बकाया राशि का भुगतान, कैशलेस बीमा राशि 4 प्रतिशत है उसको कर्मचारियों के समान करने, पेंशन विसंगतियां, आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को सम्मानजनक पेंशन निर्धारण एवं अन्य लाभों को प्रदान करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंप कर मांगो की ओर ध्यान आकर्षित किया जाएगा. बैठक का संचालन प्रांतीय सचिव एसपी सिंह की अध्यक्षता में शाखा सचिव राधे लाल टेलर द्वारा किया गया. शाखा अध्यक्ष कालूराम शाक्यवार द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों व पेंशन साथियों का बड़े उत्साह पूर्वक स्वागत, वंदन ,अभिनंदन किया गया.

नवभारत क्लासीफाइड तथा विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9993866399

नाम परिवर्तन

मैं, भंवरलाल, पिता जगन्नाथ, निवासी ग्राम किशनपुरा, तहसील जीरापुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश नितिग्य (Nitigya) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम नैतिक सिसोदिया (Naitik Sisodiya) है। अत: आज दिनांक 08/07/2026 से मेरे पुत्र का सही नाम नैतिक सिसोदिया (Naitik Sisodiya) ही माना जाए तथा भविष्य में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं प्रमाणपत्रों में इसी नाम का उपयोग किया जाए.

टॉक-शो नीट में धांधली पर जिला इंकाध्यक्ष बोले-हमारा शिक्षा तंत्र युवाओं को स्वीकार नहीं

स्टूडेंट ने पेपर लीक और रोजगार पर सवाल किए

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई, का. मंगलवार रात कांग्रेस ने विद्यार्थियों के मुद्दों पर छात्रों की गूंज कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार से जुड़े सवाल प्रमुख नेताओं के सामने रखे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह तथा एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी रहे.

कार्यक्रम की शुरुआत एलईडी स्क्रीन पर नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए पेपर लीक के मामलों और उनसे छात्रों के भविष्य पर पड़े प्रभाव को दर्शाने वाले वीडियो से हुई. इसके बाद विद्यार्थियों के साथ खुला संवाद आयोजित किया गया.

पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह ने छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है. प्रियव्रत सिंह और कुणाल चौधरी ने शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं तथा युवाओं की समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है, जिससे युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे.

विद्यार्थियों ने परीक्षा प्रणाली पर सवाल किए

इस संवाद में नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों ने अपने सवाल रखे. पायल यादव, आरती चौहान, सक्षम शिवहरे, ललित भिलाला, जयवर्धन सिंह नरूका सहित कई विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, रोजगार और युवाओं के भविष्य से जुड़े प्रश्न पूछे. उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली, नीट परीक्षा से वंचित होने वाले और प्राणों के नुकसान झेलने वाले विद्यार्थियों के जीवन से जुड़े प्रश्न किए. साथ ही युवाओं ने आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में नियमों, सुरक्षा और शिथिलता के साथ रोजगार संबंधी विषय भी रखे.

संतोष मित्तल स्कूल में 28वां स्थापना दिवस मना

नवभारत न्यूज

पचोर 08 जुलाई, सं. प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल, पचोर में विद्यालय के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के संचालक गोपाल गोयल एवं श्रीमती सविता गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रबंधक संजय सोनी ने विद्यालय की 27 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी. साथ ही उन्होंने विद्यालय की भावी योजनाओं से भी सभी को अवगत कराया. कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक नृत्य, गीत और स्वरचित कविताओं की प्रस्तुति भी दी गई.नवगठित छात्रसंघ के शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया. विद्यालय कैबिनेट में अंशुमान जैन को हेड बॉय, स्मृति उदावत को हेड गर्ल, मोनीश सिसोदिया को स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, प्रियांशी सोनी को कल्चरल सेक्रेटरी, अक्षत सिसोदिया को डिसिप्लिन सेक्रेटरी तथा खुशी यादव को लिटरेरी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया.

इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना ने सभी छात्रसंघ पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी सोनम शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के संचालक गोपाल गोयल, सत्यनारायण गुप्ता, विनोद राठी, प्रबंधक संजय सोनी, प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रसंघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.